**निदेशक कार्यालय**
**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029**

फा.सं.40-30/2023-स्था.-I(नि.का.) दिनांक: 04 अप्रैल, 2024

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: हृद् विज्ञान केंद्र एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र की ओपीडी सेवाओं के विस्तार एवं उनको नए स्थान पर स्थानांतरित करने संबंधी।**

अधोहस्ताक्षरी ने हृद् विज्ञान केंद्र एवं तंत्रिका केंद्र का कई बार दौरा करने के दौरान यह नोट किया है कि रोगियों की संख्या की तुलना में इस केंद्र में ओपीडी सेवाओं का स्थान अत्यंत ही सीमित है। इसके अतिरिक्त, उचित कतार/प्रतीक्षा क्षेत्र के न होने के कारण, रोगियों एवं उनके परिचरों को अक्सर खराब जलवायु की परिस्थितियों में हृद् तंत्रिका केंद्र के बाहर कतार में खड़े रहना पड़ता है/प्रतीक्षा करनी पड़ती है। हृद् तंत्रिका केंद्र के संकाय-सदस्यों तथा स्टाफ-सदस्यों के साथ किए गए अनेक विचार-विमर्श एवं चर्चाओं से यह स्पष्ट हुआ है कि हृद् तंत्रिका केंद्र के आसपास सीमित स्थान के कारण, अतिरिक्त स्थान प्रदान करने के लिए उक्त ओपीडी क्षेत्र का उसी स्थान पर विस्तार करने की कोई संभावना नहीं है।

विभिन्न सरकारी प्राधिकारियों के साथ सूक्ष्मता से विचार-विमर्श करने के पश्चात, अधोहस्ताक्षरी ने एम्स नई दिल्ली के मस्जिद मोठ परिसर में नई राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी के निकट एक अत्याधुनिक नए अति विशिष्टता ओपीडी ब्लॉक के निर्माण के लिए बजट हेतु अनुमोदन प्राप्त कर लिया है। इस अतिविशिष्टता ओपीडी ब्लॉक के लिए एजेंसी द्वारा पहले ही दो साल की अनुमानित कार्य-निष्पादन समयसीमा के साथ निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं। अति विशिष्टता ओपीडी ब्लॉक में हृद् तंत्रिका केंद्र की ओपीडी सेवाओं के विस्तार के लिए दो तलों का निर्माण करने की योजना बनाई गई है। इससे हृद् तंत्रिका केंद्र की लगभग 25000 वर्गफुट के वर्तमान स्थान पर चल रही ओपीडी सेवाओं का नए अति विशिष्टता ओपीडी ब्लॉक में 1,10,000 वर्गफुट में विस्तार होगा।

अधोहस्ताक्षरी ने हृद् तंत्रिका केंद्र की ओपीडी सेवाओं के विस्तार हेतु अन्य विकल्प खोजने के लिए विभिन्न स्टॉक होल्डरों के साथ भी विचार-विमर्श किया है। उक्त विचार-विमर्श के पश्चात, हृद् तंत्रिका केंद्र की ओपीडी सेवाओं के विस्तार के लिए निम्नलिखित चार विकल्पों पर विचार किया जा सकता है:

- हृद् तंत्रिका केंद्र, ओपीडी को सुपर-स्पेशियलिटी ओपीडी ब्लॉक में निर्दिष्ट स्थान पर, विस्तृत रुप से उल्लिखित उक्त ब्लॉक की कार्य-निष्पादन समयसीमा का पालन करते हुए समयबद्ध तरीके से स्थानांतरित करना।
- प्रमुख, हृद् वक्ष केंद्र एवं प्रमुख, तंत्रिका विज्ञान केंद्र की इच्छानुसार हृद् तंत्रिका केंद्र, ओपीडी सेवाओं को मस्जिद मोठ क्षेत्र में नई राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी के छठे तल पर अस्थायी रूप से स्थानांतरित करना।

- हृद् तंत्रिका केंद्र ओपीडी सेवाओं के विस्तार के लिए एम्स के विभिन्न क्षेत्रों में सीएसआर के तहत बनाए जा रहे प्रतीक्षा हॉलों का उपयोग करना।
- हृद् तंत्रिका केंद्र ओपीडी सेवाओं के विस्तार के लिए, यदि संभव हो तो वर्तमान हृद् तंत्रिका केंद्र ओपीडी के ऊपर एक अतिरिक्त तल के निर्माण पर विचार करना।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, प्रमुख, हृद् वक्ष केंद्र एवं प्रमुख, तंत्रिका विज्ञान केंद्र से अनुरोध है कि वे कृपया उपर्युक्त विस्तृत विकल्पों पर संज्ञान लें तथा हृद् तंत्रिका केंद्र ओपीडी में आने वाले रोगियों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प पर कार्य करें।

**(प्रो. एम. श्रीनिवास)**
निदेशक

**वितरण:**

- प्रमुख, हृद् वक्ष केंद्र
- प्रमुख, तंत्रिका विज्ञान केंद्र

# OFFICE OF THE DIRECTOR
## ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
**Ansari Nagar, New Delhi-110029**

F. No.40-30/2023-Estt.-I(DO) Dated: 04th April, 2024

**OFFICE MEMORANDUM**

**Subject: Expansion & relocation of OPD Services of Cardio & Neuro Centre reg.**

The undersigned during multiple rounds of the Cardio & Neuro Centre has noted that the space of the OPD services therein is extremely limited vis a vis the patient load. Also, due to the absence of an appropriate queuing / waiting area therein, the patients and their attendants are often required to queue / wait outside the CN Centre under harsh climatic conditions. It has emerged from multiple deliberations and discussions with CNC faculty & staff that due to a space limitation around the CN Centre, there is no possibility to horizontally expand the said OPD area to provide additional space.

The undersigned after closely following up with various Government authorities, has been able to seek budgetary approval for the construction of a state-of-the-art new Super Speciality OPD Block adjacent to the new RAK OPD in the Masjid Moth Campus of AIIMS New Delhi. The tenders for this Super Speciality OPD Block have already been invited by the executing agency with an estimated execution timeline of two years. In the Super Speciality OPD Block, two floors have been planned for the expansion of the OPD services of the CN Centre. This will entail an expansion of OPD services of CN Centre from the existing space of approx. 25000sqft to 1,10,000sqft in the new Super Speciality OPD Block.

The undersigned has also held deliberations with various stake holders to explore other options for expansion of OPD services for CN Centre. After, the said deliberations, the following four options for the expansion of OPD services for CN Centre can be considered:

- Shifting of CNC OPD to the designated space in the super-speciality OPD block in a timebound manner in sync with the execution timelines of the said block as detailed ante.
- Temporarily shifting of CNC OPD services to the 6th Floor of the new RAK OPD in Masjid Moth area as desired by the Chief CTC & Chief NSC.
- Utilization of waiting halls being constructed under CSR in various areas of AIIMS for expansion of CNC OPD services.
- Consider the construction of an additional floor above the existing CNC OPD, if feasible, for expansion of CNC OPD services.

In view of the above, Chief CTC & Chief NSC are kindly requested to take cognizance of the above detailed options and work on the best suited option(s) for delivering maximum benefit to the patients visiting the CNC OPD.

4/4/2024

**( Prof. M. Srinivas )**
Director

**Distribution:**

- Chief, Cardio Thoracic Centre
- Chief, Neurosciences Centre